A

SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

1009

SECOND TERMINAL EVALUATION - 2019-20

Third Language
HINDI

Time : 90 minutes

STD. X

Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें।

> मोरपाल ने मेरे टिफ़िन बॉक्स में रखे राजमा को खाने से पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। वह हमारे स्कूल के पंद्रह किलोमीटर दूर के किसी गाँव से साइकिल चलाता रोज़ आता था। मैं आज तक जान नहीं पाया कि कैसे वह उस छाछ को रोज़ पंद्रह किलोमीटर बिना ज़रा भी छलकाए लिए आता था।

1. मोरपाल ने पहले कभी राजमा देखा भी नहीं था। कारण क्या होगा? 1

   (क) मोरपाल की अरुचि (ख) मोरपाल की गरीबी

   (ग) मोरपाल की संपन्नता (घ) खेती का अभाव

2. सही वाक्य पहचानकर लिखें। 1

   (क) मोरपाल रोज़ आए करता था। (ख) मोरपाल रोज़ आया करता था।

   (ग) मोरपाल रोज़ आई करता था। (घ) मोरपाल रोज़ आई करती थी।

3. बचपन का दोस्त मोरपाल के बारे में मिहिर की यादें क्या-क्या हैं? 2

4. गरीब मोरपाल पहली बार राजमा खा रहा था। उस दिन के अपने अनुभव वह डायरी में लिखता है। वह डायरी कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

मोरपाल के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए '**गरीब बच्चों की हालत**' विषय पर लघु लेख लिखें।

- गरीब परिवार
- माँ-बाप के साथ खेत-मजूरी
- घर में कमरतोड़ मेहनत
- स्कूल से विशेष प्यार

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 5 से 8 तक के उत्तर लिखें।

> कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बेटे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...। दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।

5. चार्ली चैप्लिन की जीवनी 'सबसे बड़ा शो मैन' के लेखक कौन हैं? 1

(क) प्रेमचंद (ख) प्रभात

(ग) गीत चतुर्वेदी (घ) मिहिर

6. 'चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...।' माँ का शो आखिरी हो जाने का कारण क्या था? 2

7. नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें। 1

बच्चा मैदान में खेलने लगा।
बच्ची मैदान में ....।

8. चार्ली चैप्लिन और माँ के बीच की **बातचीत** को आगे बढ़ाएँ। (चार विनिमय) 4

माँ : आज तूने कमाल कर दिया बेटे!

चैप्लिन : लेकिन मैं खुश नहीं हूँ, अम्मा।

.... : ....

.... : ....

.... : ....

.... : ....

अथवा

बालक चैप्लिन के शानदार स्टेज शो के बारे में सभी अखबारों में रपट छपकर आई। **रपट** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 से 11 तक के उत्तर लिखें।

> वसंत फूलदेई का त्यौहार लेकर आता है। देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं। इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है। टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वे सुबह तक मुरझा न पाएँ।

9. **सही** वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) टोकरी घर के अंदर रखी जाती है। (ख) टोकरी घर के अंदर रखा जाता है।

(ग) टोकरी घर के अंदर रखे जाते हैं। (घ) टोकरी घर के अंदर रखा जाती है।

10. फूलदेई के त्योहार की विशेषताएँ क्या-क्या हैं? 2

11. आशय समझें और सही मिलान करें। 4

बसंतकाल के समय	रिंगाल की टोकरियों में रखते हैं।
फूलदेई के त्योहार के दौरान बच्चे	पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है।
बच्चे चुने गए फूलों को	फूलदेई का त्योहार मनाया जाता है।
टोकरियों को पूरी रात तक	शाम तक फूल चुनते हैं।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 12 से 14 तक के उत्तर लिखें।

गंगी ने पानी न दिया। खराब पानी से बीमारी बढ़ जाएगी इतना जानती थी, परंतु यह न जानती थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है। बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"
जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"

12. **'अधिक हो जाना'** का समानार्थी है : 1

(क) उबाल देना (ख) बढ़ जाना (ग) जाते रहना (घ) लाकर देना

13. 'पानी कहाँ से लाएगी' –जोखू के इस प्रश्न का मतलब क्या है? 2

14. कहानी के इस अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

ऊँची-नीची जाति का बोध एक सामाजिक कुरीति है। 'दुनिया एक, मानव एक' का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 15 से 17 तक के उत्तर लिखें।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

15. **सही** प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) घर के अंदर छिपकलियाँ कई दिनों तक घूमती रहीं।
(ख) घर के अंदर छिपकलियाँ कई दिनों तक सोती रहीं।
(ग) घर के अंदर छिपकलियाँ कई दिनों तक चुप रहीं।
(घ) घर के अंदर छिपकलियाँ कई दिनों तक खाती रहीं।

16. 'कानी कुतिया' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

17. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 18 से 20 तक के उत्तर लिखें।

> बादल बहुत बरस लिए थे। फिर भी बहुत सारा पानी उनमें बचा हुआ था। वे खेतों, जंगलों के ऊपर छाए हुए थे। सारा आकाश मेघों से भरा था। मेघों की छायाओं में गीली हवाएँ इधर-उधर घूम रही थीं।

18. सही वाक्य पहचानकर लिखें। 1

(क) बहुत सारा पानी बरसेंगे।

(ख) बहुत सारा पानी बरसेगा।

(ग) बहुत सारा पानी बरसेगी।

(घ) बहुत सारा पानी बरसेंगी।

19. 'बहुत सारा पानी उनमें बचा हुआ था। वे खेतों, जंगलों के ऊपर छाए हुए थे।' –इसका मतलब क्या है? 1

(क) वर्षा समाप्त हो गई।

(ख) आगे भी वर्षा होगी।

(ग) वर्षा की कोई संभावना नहीं।

(घ) वर्षा कहीं चली गई।

20. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(तेज़ी से, बारिश में)